झारखंड विधानसभा 8533.89 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश

चर्चा में क्यों?

हाल ही में झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने चालू वित्तीय वर्ष के लिये 89 करोड़ रुपए का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया।

प्रमुख बिंदु

- चालू वित्तीय वर्ष के द्वितीय अनुपूरक बजट में राजस्व खर्च के लिये 14 करोड़ रुपए और पूंजीगत खर्च के लिये 3862.74 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- अनुपूरक बजट की कुल राशि में 71 करोड़ रुपए का प्रावधान चार्जड एक्सपेंडीचर के रूप में किया गया है। चार्जड एक्सपेंडीचर के रूप में हाइकोर्ट, राज्यपाल, जेपीएससी के लिये राशि का प्रावधान किया जाता है।
- सरकार ने द्वितीय अनुपूरक में सबसे ज्यादा राशि (15 करोड़ रुपए) का प्रावधान ऊर्जा विभाग के लिये किया है। यह प्रावधान ग्रामीण विद्युतीकरण योजना सहित बिजली की स्थिति में सुधार से जुड़ी योजनाओं के लिये किया गया है।
- आपदा प्रबंधन के लिये 2000 करोड़ रुपए और समाज कल्याण विभाग में सामाजिक सुरक्षा मद में 1158.85 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/supplementary-budget-of-rs-8533-89-crore-presented-in-jharkhand-assembly